Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006
Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title : Need to introduce a new express train between Amreli and Balsad in Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, सौराट्र में महुआ, राजूला, सावरकुंडला दामनगर होकर एक रेल सेवा धौला पहुंचती है। इस रेल सेवा में मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के आसपास के जिले में हीरे के कारीगर एवं व्यापारी यातायात करके धौला जाते हैं और वहां से अहमदाबाद, सूरत एवं मुम्बई जाते हैं। इस रेल सेवा में एक सैकिन्ड क्लास ए सी टायर एवं एक स्लीपर क्लास एवं एक जनरल क्लास की बोगी लगायी जाये और इसे भाव नगर से बांदा जाने हेतु रेल सेवा में जोड़ा जाये, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के एवं आसपास जिले के हीरे के कारीगरों एवं व्यापारियों को सीधे अहमदाबाद, सूरत एवं मुम्बई जाने में सुविधा होगी। साथ ही अलग से डायमेंड नगरी नाम से नयी रेल सेवा मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली से वलसाड के बीच महुआ, राजूला एवं सारबरकुडला होकर चलायी जाये क्योंकि अमरेली एवं अहमदाबाद के बीच मीटर गेज लाइन को बदलकर ब्राड गेज लाइन कर दिया है परन्तु इस पर लम्बी यात्रा वाली रेल सेवा नहीं चलायी गई है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि अमरेली क्षेत्र महुआ से वलसाड के बीच एक नयी डायमेंड एक्सप्रेस रेल सेवा चलायी जाये, एवं महुआ, राजूला साबरकुडला से जो रेल सेवा धौला जाती है उसमें एक सैकिन्ड एसी, एक स्लीपर क्लास एवं जनरल बोगी लगायी जाये, जिसे धौला रेलवे स्टेशन पर भावनगर से बांदा रेल सेवा में जोड़ा जाये।